Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to construct a ring road connecting NH-27 to NH 531 in Gopalganj Parliamentary Constituency, Bihar-laid.

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): मेरा संसदीय क्षेत्र गोपालगंज शहर प्रतिदिन जाम की भयंकर समस्या से गुजर रहा है । गोपालगंज शहर में यह समस्या काफी विकट बनती जा रही है । जाम लगने का एक बड़ा कारण शहर के अरार मोड़ से एन.एच.- 27से सिवान जाने वाले ट्रकों तथा भारी वाहनों का शहर से होकर गुजरना भी है । अरार मोड़ से यावे रोड़ गोपालगज पर ट्रकों और भारी वाहनों के गुजरने से शहर की सड़कों पर प्रतिदिन जाम की समस्या बनी रहती है । इससे दूर-दराज से आए हुए लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा वायू प्रदूषण भी शहर में काफी बढ़ रहा है । कभी-कभी एम्बुलेंस एवं आवश्यक सामग्री वाली गाडिया घंटों जाम में फंसी रहती है । अगर गोपालगंज के अरार गांव के बाहर पश्चिम दक्षिण की तरफ से एन.एच.-27 से शुरू होकर जगमालवा होते हुए एन.एच.-531 पर रिंग रोड़ बनाकर मिला दिया जाए तथा अरार गांव से उत्तर एवं पूरब एन.एच.-27 से हजियापुर एव सरेया के बाहर-बाहर जादोपुर रोड़ होते हुए एन.एच.-27 में मिलाकर एवं आगे बढ़ाते हुए एन.एच.-531 में रिंग रोड़ को मिलाया जाए ।

मैं माननीय मंत्री जी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग से आग्रह करता हूँ कि एन.एच.-27 को एन.एच.-531 से जोड़ने के लिए रिंग रोड़ का निर्माण किया जाये जो कि एन.एच.-27 से दानापुर से नहर होते हुए चौराव तक रिंग रोड़ बनाकर एन.एच.-27 और एन.एच.-531 से सीधा जोड़ा जाए ।